**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 25 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्म भूमि कुरुक्षेत्र अब देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनेगा।
- मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र स्थित गीता ज्ञान संस्थानम में 24 अगस्त से 7 नवंबर तक चलने वाले स्वच्छता मिशन के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे।
- उन्होंने कहा कि इस पावन धरा को स्वच्छ बनाने के लिए यह 11 सप्ताह का "स्वच्छ कुरुक्षेत्र - मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभिमान" अभियान शुरू किया गया है।
- इससे पहले, मुख्यमंत्री, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज और हरियाणा के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने जिला प्रशासन द्वारा जारी अभियान पोस्टर का अनावरण किया। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों और अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025' के तहत कुरुक्षेत्र की हर गली-मोहल्ले को स्वच्छ बनाने के लिए एक जन आंदोलन चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए थानेसर नगर परिषद के सभी 32 वार्डों में समितियों का गठन किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है।

*************************************************************************

आज से 8 सितम्बर  तक देश भर में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि उन लोगों को दृष्टि दी जा सके जिनको प्रत्यारोपण की जरूरत है।

हरियाणा के अंधपन नियंत्रण कार्यक्रम के उप निदेशक डॉक्टर जगदीप सिंह बसुर ने आज राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के शुभारंभ पर आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया –

आँखों की पुतली को नुकसान होने के कारणों और बचाव को लेकर एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया –

**********************************************************************

कैथल जिले के क्योडक गांव के पास आज  सुबह एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ  जब बठिंडा से कुरुक्षेत्र की ओर जा रही एक पिकअप गाड़ी हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो की बस से आमने-सामने टकरा गई।  टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतको की पहचान  पंजाब के बठिंडा जिले के निवासी 62 वर्षीय नरेंद्र कुमार, 57 वर्षीय हकीकत , 67 वर्षीय काकू सिंह और 60 वर्षीय  मक्खन सिंह के तौर पर हुई है।

मिली  जानकारी के अनुसार  वे पिहोवा स्थित गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।  पुलिस व बचाव दल ने क्रेन व गैस कटर की मदद से कार को काटकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला।

मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है, जबकि घायल अमरजीत को उपचार के लिए कैथल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार 12 से 14 सितंबर को इंडोनेशिया के बाली में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र में गीता ज्ञान संस्थानम् में आयोजित ‘कृष्ण-कश्यप कुरुक्षेत्र तीर्थाटन-धर्मयात्रा’ के अवसर पर प्रबुद्धजनों को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने की।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ अपनी समृद्ध संस्कृति को बचाने और बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहा है। इस दिशा में युवाओं को आगे लाए जाने की आवश्यकता

है, ताकि वह अपनी संस्कृति से जुड़ें और अपनी संस्कृति रीति-नीति को और आगे लेकर जाएं। यह सम्मेलन कश्मीर की समृद्ध विरासत को संजोता है, जो भारत की आत्मा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर और कुरुक्षेत्र का आध्यात्मिक संबंध भारतीय संस्कृति की एकता का प्रतीक है।

***********************************************************************